Seventeenth Loksabha

an>

Ttile: Regarding reservation for Namoshudra Bengalise in Uttarakhand.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र नैनीताल, उधमसिंह नगर के संबंध में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं ।

मान्यवर, शूद्र, पोड, पोन्ड्रा एवं रायसिख मेरी लोक सभा में बहुत बड़ी संख्या में हैं । लंबे समय से नमःशुद्र बंगाली भाइयों को, जिसमें पोड और पोन्ड्रा हैं, उनको आरक्षण देने की बात चल रही है । हम लोग उनके बारे में जगह-जगह हर मंचों पर बात उठाते हैं । अभी पूर्व में उत्तराखंड विधान सभा द्वारा भी दो बार प्रस्ताव भेज दिया गया है कि इनको अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाए ।

मान्यवर, इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि पांच राज्यों में पहले से ही नमःशुद्र बंगालियों को आरक्षण मिल रहा है और उत्तराखंड में भी मिलना बहुत आवश्यक है । उधमसिंह नगर में 70 प्रतिशत से ज्यादा इनकी जनसंख्या है । मेरा आपसे अनुरोध रहेगा कि इनकी जनसंख्या जहां-जहां भी 70 प्रतिशत हो, वहां-वहां पर बांग्ला भाषा पढ़ाई जाए और वहां के शिक्षकों को भी बंगाली मे प्रशिक्षण देकर, उनको वहां पर सर्विस भी दी जा सकती है । यह पूरे देश भर की व्यवस्था भी हो सकती है ।

मान्यवर, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि यह बहुत ही गंभीर मामला बना हुआ है । वहां बार-बार लोग आंदोलन करते हैं । दूसरा, उनको जो भी प्रमाण-पत्र दिए जाते हैं, उसमें पूर्वी पाकिस्तान शब्द लिखा जाता है, जो कि आत्म सम्मान को ठेस पहुंचाता है । इसके बारे में बार-बार जगह-जगह लिखत-पढ़त की गई है, कागज़ात चलाए गए हैं । मैं आपके माध्यम से यह भी अनुरोध करता हूं कि उनको दी जाने वाली कोई भी सर्टिफिकेट हो, चाहे वह मूल निवासी

प्रमाण-पत्र हो या अन्य प्रकार के प्रमाण-पत्र हों, जहां पर पूर्वी पाकिस्तान शब्द लिखा जाता है, उसको भी तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए ।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): माननीय सदस्य, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके द्वारा उठाए गए विषय के साथ अपने-आपको संबद्ध करता हूं ।

प्रो. सौगत राय (दमदम): मैं आपका सपोर्ट करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष : श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद जी – उपस्थित नहीं ।

श्री हनुमान बेनीवाल – उपस्थित नहीं ।

श्री कल्याण बनर्जी ।